# Name of the Programme:

**(‘hanyi’: Easy Chinese, Basics of Chinese Language)-**

पौड़ी जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए चीनी भाषा शिक्षण– अधिगम : राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 संदर्भित नवाचारी कार्यक्रम।




## कार्यक्रम की आवश्यकता एवं अभिकल्पनः—

द टाइम्स आफ इंडिया के 1 अगस्त 2019 के अंक में प्रकाशित HDR की रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखण्ड में विगत 12 वर्षो में बेरोजगारी की दर में 12 प्रतिशत की वृद्वि हुई है। सबसे अधिक 15–29 आयु वर्ग के युवाओं मे यह वृद्धि दर 17 प्रतिशत अंकित की गई है। इस रिपोर्ट में सबसे चिंता करने वाली बात यह है कि सबसे अधिक शिक्षित बेरोजगारी की दर हमारे जनपद पौड़ी गढ़वाल में 22.9 प्रतिशत देखी गई है। भारत सरकार की वर्ष (2001–2011) जनगणना के आंकड़े उत्तराखण्ड में जनपद पौड़ी में सर्वाधिक पलायन की दर को दर्शाते हैं। यह हमारे लिए चिंता का सबक ही नहीं अपितु चेतावनी की घंटी भी है।

हमारी शिक्षा के सार्वभौमिक उद्देश्यों की आवश्यकता की पूर्ति हेतु आशातीत कार्यक्रमों के निर्माण, नियोजन व क्रियान्वयन से ही हम उपरोक्त गम्भीर समस्याओं के समाधान की ओर जा सकते हैं। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगॉव, पौड़ी गढ़वाल ने अपनी वार्षिक कार्ययोजना 2022–23 / 2024–25 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की अनुशंसा के अनुरूप माध्यमिक स्तर पर विदेशी भाषाओं–चीनी, कोरियाई, जापानी, थाई, फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश, पुर्तगाली और रूसी में से चीनी भाषा के अध्ययन हेतु छात्रों को अवसर देने का निर्णय लिया है। इससे विद्यार्थी विश्व संस्कृतियों के बारे में जानकर अपनी रूचियों एवं आकांक्षाओं के अनुसार अपने वैश्विक ज्ञान की गतिशीलता को समृद्ध व अर्जित कर सकें।

दुनिया भर में एक अरब से भी अधिक लोग मैंडरिन चीनी (Mandarin Chinese) बोलते हैं। चीन एक बहुत बड़ा बाजार बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय और कंपनियां ऐसे

लोगों की तलाश में है जो चीनी भाषा में बात कर सकें और चीन के सांस्कृतिक संदर्भ में सफलतापूर्वक काम कर सकें। विश्व मंच पर चीन का आगमन और एक वैश्विक खिलाड़ी के रूप में उभरने के साथ एक विदेशी भाषा के रूप में चीनी भाषा ने अन्य देशों में इसके अध्ययन में अप्रत्याशित रूचि बनाई है, जिसके परिणामस्वरूप यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती भाषाओं मे से एक बन गई है।

2017 में राष्ट्रीय K-12 विदेशी भाषा नामांकन सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका में 2,00,000 से अधिक स्कूल जाने वाले बच्चों ने चीनी भाषा के पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया था। यहां चीनी भाषा से जुड़े सुरक्षा जोखिमों पर ध्यान नहीं दिया गया (संदर्भ https.//bit.ly/3j9lcMG) इसके विपरीत इस भाषा को सम्पति के एक कौशल के रूप में आंकलित किया गया। हमारा उत्तराखण्ड राज्य चीन का सीमावर्ती प्रदेश है। 1962 का अनुभव हमारे लिए सुरक्षा की दृष्टि से अच्छा नहीं रहा है। हम इस भाषा को वैश्विक अर्थव्यवस्था, बौद्धिक विकास, पर्यटन, राष्ट्रीय सुरक्षा, बाजार प्रतिस्पर्धा, खेल एवं सांस्कृतिक लाभ आदि विभिन्न कौशलों के रूप में मूल्यांकित कर अपने बच्चों को देना चाहते हैं। हमारा मानना है कि, एक अलग और अपरिचित भाषा सीखने से बच्चों के मस्तिष्क के विकास में मदद मिलती है और वयस्क होने पर दिमाग बेहतर ढ़ंग से कार्य करेगा, जिससे बच्चों की शैक्षिक एवं व्यावसायिक आकांक्षाओं की पूर्ति होगी। साथ ही हम इस नवाचारी कार्यक्रम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति –2020 की अनुशंसा का पालन करने का प्रयास कर रहे हैं।

इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति –2020 की अनुशंसा के अनुरूप जनपद के इण्टर स्तर के विद्यार्थियों को एक विदेशी भाषा (चीनी भाषा) से परिचित कराना और एक विदेशी भाषा सीखने की कठिन चुनौती को आसान बनाना है।

हम सभी अवगत हैं कि उत्तराखण्ड के अधिकांश नौजवान राष्ट्रीय सुरक्षा (सेना) में कार्यरत हैं। विगत में लद्दाख में घटित घटना से यहां के जन मानस पर गहरा आघात पहुचा है। चीनी भाषाई ज्ञान का परोक्ष लाभ यह है कि पड़ोसी की भाषा का ज्ञान हो तो हम उनकी सारी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखकर अपनी योजनाओं का निर्माण कर सकते हैं। प्रत्यक्ष लाभ यह है कि उत्तराखण्ड राज्य भारत में ही नहीं अपितु विश्व स्तर पर तीर्थाटन एवं पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है। हिंदू और सिक्ख तीर्थयात्री ही नहीं अपितु देशी–विदेशी पर्यटक स्कीइंग अनुभव, वन्यजीव पर्यटन, व्हाइट वाटर रिवर राफ्टिंग, योग, वैडिंग डेस्टिनेशन, रोमांचक ट्रैकिंग और पर्वतारोहण, बर्डवाचिंग, ग्रामीण पर्यटन, संस्कृति और विरासत, फोटोग्राफी

यात्रा और यादगार गंतव्य शादियों के आयोजन के साथ इसके सुंदर बर्फ से ढके पहाड़, मजबूत और राजसी हिमनद, नानाप्रकार के फल, जैवविविधता से भरपूर समृद्ध वनों के साथ अनेकानेक दर्शनीय स्थलों की ओर विदेशी लोगों को आकर्षित करने के लिए देशी–विदेशी भाषाओं में दक्ष व्यक्तियों की आवश्यकता है।

जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के द्वारा नई भाषा सीखने से छात्रों के आत्मविश्वास में वृद्धि हो सकेगी और इस भाषा को उच्च स्तर पर चुनने पर छात्रों के लिए उत्तराखण्ड ही नहीं अपितु देश में उपरोक्त वर्णित विभिन्न अवसरों में रोजगार के अवसरों को खोलने में मदद मिलेगी जिससे वे आगे बढ़ सकेंगें।

## Objectives of the Programme (कार्यक्रम का उद्देश्य):–

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के उद्देश्यों के अनुरूप छात्रों को एक विदेशी भाषा से परिचित कराना।
- चीन के समीपवर्ती होने के फलस्वरूप राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती प्रदान करना।
- छात्र–छात्राओं को अपनी क्षमताओं के अनुरूप विकसित होने का अवसर प्राप्त कराना।
- छात्र–छात्राओं में समुचित जीवन कौशलों का विकास करना।
- छात्र–छात्राओं को विद्यालय एवं भावी जीवन की चुनौतियों का सामना व समाधान करने में सक्षम बनाना।
- छात्र–छात्राओं में आजीविका/रोजगार/पर्यटन सम्बन्धी जागरूकता का विकास करना।
- छात्र–छात्राओं को योग्य, उत्तम एवं उत्पादक नागरिकों के रूप में विकसित होने के अवसर प्राप्त कराना।

अर्थात इस "नवाचारी चीनी भाषा शिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य चीनी भाषा का परिचय देना, जानकारी देना, जानकारी को व्यवस्थित करने में मदद करना, ज्ञान का प्रदर्शन करना, संवर्द्धन या रचनात्मक प्रयोग का मौका प्रदान करना है" ।

### Assessment and Feed Back of Last Year: (विगत वर्ष का आंकलन व पश्चपोषण)–

चीनी भाषा शिक्षण अधिगम कार्ययोजना का शैक्षिक सत्र 2023–24 का आंकलन के पश्चात निम्न निष्कर्ष प्राप्त हुए–

- चयनित 10 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों का मानना है कि इस नवाचारी कार्ययोजना को कक्षा 11 के 10 बच्चों तक ही सीमित न रखा जाय। सुझाव दिया गया है कि इसको कक्षा 11 के सम्पूर्ण छात्र/छात्राओं के लिए अनिवार्य किया जाय, इससे विद्यालय संचालन में कोई असुविधा नहीं होगी।
- कार्ययोजना में योजित पीएमश्री. रा.बा.इ.का. श्रीनगर व पीएमश्री. रा.बा.इ.का. पौड़ी के अतिरिक्त विद्यालयों की छात्र उपलब्धि एवं कक्षा उपस्थिति संतोषजनक नहीं रही। मेंटर शिक्षकों ने नेटवर्क एवं छात्रों की अरूचि के कारण इसे आगे बढ़ाने में असमर्थता प्रकट की।
- दून विश्वविद्यालय के सहयोग से ली गई आंकलन परीक्षा के आधार पर यह पाया गया कि लगभग 40 प्रतिशत ही चीनी भाषा के Pictographic characters की सही पहचान एवं लिखने का कौशल अर्जित कर पाये हैं।
- कार्ययोजना में सम्मिलित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं दून विश्वविद्यालय के मध्य आयोजित सेमिनार में यह निष्कर्ष आया कि भविष्य में इस कार्यक्रम को जनपद के 11 पीएमश्री. विद्यालयों के लिए शुरू किया जा सकता है, क्योंकि ये विद्यालय केन्द्र पोषित योजना के अंतर्गत संसाधनों से परिपूर्ण हैं। साथ ही प्रशिक्षण मॉड्यूल को संशोधित करने का प्रस्ताव भी आया।

अतः जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल एवं दून विश्वविद्यालय देहरादून के अनुमोदन के पश्चात् वर्ष 2024–25 में यह कार्ययोजना जनपद के 11 पीएमश्री विद्यालयों में संचालित करने का निर्णय लिया गया।

**चयनित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, मेंटर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की विवरण तालिका**

BASIC INFORMATION ABOUT PMSHREE SCHOOL FOR PUPOSE OF CHINESE LANGUAGE LEARNING PROGRAMME OF XI GRADE STUDENTS DISTRICT PAURI GARHWAL: 2024-25

| S.No. | Block | U DISE | School Name | Principal Name | Mob No- | Mentor Teacher | Mon. No. | Class | St.No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Khirshu | 5060202111 | GGIC Srinagar | Suman Lata Panwar | 9412982727 | Mrs Sujata Singh | 9997544428 | XI B | 22 |
| 2 | Pauri | 5060108104 | GGIC Pauri | Dr. Savitri Saiv Negi | 7536012298 | Mrs. Kanti Kimothi | 9410653832 | | 57 |
| 3 | Ekeshwar | 5060609604 | Rajeev Gandhi Navoday Vidylay | Devundra Joshi | 9897144486 | Mrs Rajendra Singh Lingwal | 9917267311 | XI | 34 |
| 4 | Thalisain | 5061407102 | GIC Trapalisain | Manju Bhetwal | 6398734091 | Mr. Naveen Prakash | 9389526318 | XI B | 14 |
| 5 | Thalisain | 5061403304 | GIC Bagwari | Jaswanti Negi | 7579162749 | Mr. Ashish Gusain | 6398555406 | XI B | 52 |
| 6 | Beronkhal | 5061100804 | GIC Baijron | Deen Dayal Singh | 9761852042 | Mr. Vipin Chandra Dhaundiyal | 6395106749 | XI | 40 |
| 7 | Rikhnikhal | 5061010602 | GIC Dwari Paino | Tanveer Hasan | 9720149335 | Mr. Ankit Singh Negi | 9639100990 | XI B | 30 |
| 8 | Dugadda | 5060807702 | GGIC Kalalghati | Pushpa Dasmana | 7417012151 | Mrs Retu Thapliyal | 8218608994 | XI | 43 |
| 9 | Dugadda | 5060801404 | GIC Balli | Yugjeet Chandra Semwal | 9411352838 | Mr.Manoj Kumar | 7818075183 | XI | 19 |
| 10 | Dugadda | 5060814802 | GGIC Kotdwar | Sunita Madhwal | 9411741350 | Mrs Babita Dhyani | 8077803823 | XI B | 20 |
| 11 | Yamkeshwer | 5060904402 | GIC Bhirgukhal | Rajendra Prasad | 6396489660 | Mr. Neeraj Kumar | 8006455250 | XI | 42 |
| | | | | | | | TOTAL | | 373 |
| | | GGIC | 4 | 142 | | | | | |
| | | GIC | 6 | 197 | | | | | |
| | | RGNV | 1 | 34 | | | | | |

## Process of Implementation (2024-25) (कार्यकम का कियान्वयन,2024–25)

कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विभिन्न चरणों में किया जा रहा है। इस

सबंध में संदर्भित विद्यालयों व सहयोगी संस्था चीनी भाषा विभाग दून विश्वविद्यालय के साथ निम्नांकित वेबीनार (कार्यक्रम की समीक्षा, फीडबैक हेतु) आयोजित किये गये।

| क्र.सं. | दिनांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 01 | 23 अप्रैल 24 | समस्त विद्यालय चाइनीज भाषा शिक्षण के शब्द चार्ट / फ्लेक्स तैयार कर कक्षा–कक्ष / यथा स्थान पर लगायें जायेंगे।<br>बच्चे बोलचाल में चाइनीज भाषा के सामान्य शब्दों, वाक्यों का प्रयोग करें। दिनांक 25 व 26 अप्रैल में सत्र 2023–24 के मूल्यांकन की तैयारी की जाए।<br>विद्यालय शिक्षक–अभिभावक बैठक, प्रतिभा दिवस आदि अवसरों पर इसका प्रचार प्रसार करें।<br>विद्यालय इस कार्यक्रम को अपने नवाचारी योजना के रूप में प्रचार–प्रसार करें। जनमानस को इसके लाभों से अवगत करायें। |
| 02 | 02 अगस्त 24 | प्राचार्य डायट द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य, उपयोगिता एवं अनिवार्यता पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की क्रियान्वयन / मॉनीटरिंग व अधिगम पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया।<br>दून विश्वविद्यालय के चीनी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 शैंकी चन्द्रा द्वारा विगत सत्र में छात्र अधिगम संप्राप्ति पर प्रकाश डाला गया। उन्होने वर्ष 2024–25 के लिए मॉडयूल निर्माण हेतु दून विश्वविद्यालय में कार्यशाला आयोजित करने तथा उसमें स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र एवं स्नातकोत्तर के छात्रों को सम्मिलित करने का सुझाव दिया गया। कार्यशाला को 5 से 6 दिनों तक की रखने का विचार दिया गया। |
| 03 | 07अक्टूबर 24<br>दून सेमिनार | यह अवगत कराया गया कि कार्यक्रम में पूर्व में चयनित विद्यालयों के परिणाम अपेक्षाकृत आशानुरूप नहीं रहे हैं। इसलिए वर्तमान में इस कार्यक्रम को विशिष्ट कॉलेजों में चलाया जाय। इसके लिए पीएम0श्री0 विद्यालयों का चयन उचित रहेगा।<br>दून विश्व विद्यालय इसमें अकादमिक पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। इसके अंतिम वर्ष के 13 छात्रों एवं तीनो संकाय सदस्यों के द्वारा सहयोग / मॉनीटरिंग किया जायेगा।<br>प्रत्येक संदर्भदाता को एक–एक स्कूल आवंटित किया जायेगा। यह विद्यालय इनके आंतरिक मूल्यांकन / इंटर्न के भाग रहेंगे। विद्यालयों का अकादमिक अनुश्रवण / छात्रों का मूल्यांकन / फॉलोअप संदर्भदाताओं के द्वारा किया जायेगा। जिसका मानदेय / यात्रा बिलों का भुगतान नियमानुसार संस्थान के द्वारा किया जायेगा।<br>कार्यक्रम के लिए विद्यालय की कक्षा 11 के किसी भी एक सेक्सन के सभी छात्र / छात्राओं को सम्मिलित किया जायेगा।<br>प्रत्येक सत्र / वादन के लिए दो संदर्भदाताओं को नियुक्त किया जायेगा। जिसके लिए पूर्व की भाँति प्रति संदर्भदाता रू. 500.00 प्रति वादन रू. 1000.00 का भुगतान किया जायेगा। मानीटरिंग आदि के लिए |

| | | |
|---|---|---|
| | | नियमानुसार पारिश्रमिक का भुगतान किया जायेगा।<br><br>आंकलन / मूल्यांकन हेतु पूर्व की भाँति रू. 15.00 प्रति छात्र / छात्रा का परिश्रमिक दिया जा सकेगा।<br><br>प्रत्येक माह के अंत में विद्यालयवार कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा की जायेगी जिसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी / दून विश्वविद्यालय / एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड को प्रस्तुत की जायेगी।<br><br>कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. सुरेखा डंगवाल कुलपति दून विश्वविद्यालय के द्वारा संस्थान के प्रयासों की सराहना की गई। डा. शैंकी चन्द्रा विभागाध्यक्ष के द्वारा अवगत कराया गया कि नैक टीम के द्वारा विश्वविद्यालय भ्रमण के समय इसकी कार्ययोजना का उनके सम्मुख प्रस्तुतीकरण किया गया। जिससे कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।<br><br>कार्यक्रम विगत वर्ष 8 सितम्बर 2024 को प्रारम्भ किया गया था। अब काफी विलंब हो चुका है। यथाशीघ्र प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया। इस हेतु दिनांक 05 अक्टूबर 2024 को पहली कक्षा प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया।<br><br>संस्थान से अपेक्षा की गई कि तत्काल विद्यालयों व छात्रों का चिन्हीकरण कर सूची दून विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराई जाय। जिससे प्रत्येक संदर्भदाता को विद्यालय व छात्रों का आवंटन किया जा सके।<br><br>विगत वर्ष की भॉति जिलाधिकारी गढ़वाल, कुलपति दून विश्वविद्यालय देहरादून, निदेशक एस.सी.ई.आर.टी. की गणमान्य उपस्थिति में **दिनांक 05 अक्टूबर 2024 को** वर्चुअल कक्षा प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है।<br><br>सेमिनार के अंत में विश्वविद्यालय की कैंटीन में सभी प्रतिभागियों को जलपान कार्यक्रम समन्वयक डा. नारायण प्रसाद उनियाल प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगॉव, पौड़ी गढ़वाल के द्वारा कराया गया। |

**प्रथम चरण (कार्यक्रम का अनुमोदन)–**

कार्यक्रम को वार्षिक कार्ययोजना में प्रस्तावित कर पी0ए0सी0 की बैठक स्थान कलेक्ट्रेट सभागार पौड़ी गढ़वाल में अनुमोदन लेकर शुरू किया गया।

**द्वितीय चरण (मॉड्यूल निर्माण)–**

दून विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग के चीनी भाषा विभाग में दिनांक 13 जून 2023 से 17 जून 2023 तक पाँच दिवसीय मॉड्यूल निर्माण कार्यशाला में डॉ0 शैंकी चन्द्रा विभागाध्यक्ष,

दून विश्वविद्यालय के निर्देशन में **('hanyi' : Easy Chinese, Basics of Chinese Language)** चीनी भाषा मॉड्यूल का निर्माण व  इसका संस्थान के द्वारा प्रकाशन किया गया। यह मॉड्यूल 90 वादनों में कक्षा 11 के बच्चों के लिए तैयार किया गया है। इसको फरवरी 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।वर्ष 2024–25 के लिए मॉड्यूल का पुनः निर्माण किया गया।

**चाइनीज भाषा शिक्षण अधिगम (2024-25) के मॉड्यूल निर्माण कार्यशाला रिपोर्ट**

**21–23 अगस्त 2024**



जनपद पौड़ी गढ़वाल के पीएमश्री राजकीय इण्टर कॉलेजों में चीनी भाषा शिक्षण अधिगम के लिए मॉड्यूल का निर्माण किया गया। मॉड्यूल निर्माण कार्यशाला को दून विश्वविद्यालय देहरादून के  चीनी भाषा विभाग में दिनांक 21 –23 अगस्त 2024, तक सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन चीनी भाषा विभाग के डा. शैंकी चन्द्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से कार्यक्रम समन्वयक डा. नारायण प्रसाद उनियाल, श्री दीपांशू सैनी, डा. शैली सहायक प्रोफेसर, साक्षी नेगी, प्रतिष्ठा डोभाल, आकृति नेगी, प्रियांशी बर्त्वाल, शिखा गोनियाल, कानन व्यास, खुशी भंडारी, तनुशी माथुर, मो. नौशरवन खान, अथर्व गैरोला, पंकज सिंह, अनुराग जुयाल व सृष्टि बिष्ट उपस्थित रहे। डा. शैंकी चन्द्रा विभागाध्यक्ष ने अति शीघ्र मॉड्यूल प्रिटिंग व कक्षा संचालन का सुझाव रखा।

**तृतीय चरण( विद्यालयों का चयन)–**

| क्रम. | वर्ष 2023–24 | वर्ष 2024–25 |
|---|---|---|
| 1 | रा.इ.का. श्रीनगर (खिर्सू) | पीएमश्री रा.बा.इ.का. श्रीनगर (खिर्सू) :22 |
| 2 | रा.बा.इ.का. श्रीनगर (खिर्सू) | पीएमश्री रा.बा.इ.का. पौड़ी (पौड़ी) : 59 |
| 3 | रा.इ.का. खण्डाह (खिर्सू) | पीएमश्री रा.बा.इ.का. कण्वघाटी (दुगड्डा): 43 |
| 4 | रा.इ.का. कठुली (खिर्सू) | पीएमश्री रा.बा.इ.का. कोटद्वार (दुगड्डा): 21 |
| 5 | रा.इ.का. पौड़ी (पौड़ी) | पीएमश्री रा.इ.का. बल्ली (दुगड्डा) : 19 |
| 6 | रा.बा.इ.का. पौड़ी (पौड़ी) | पीएमश्री रा.इ.का. तरपालीसैंण (थलीसैंण): 14 |
| 7 | रा.इ.का. ओजली (पौड़ी) | पीएमश्री रा.इ.का. बगवाड़ी (थलीसैंण) : 52 |
| 8 | रा.इ.का. देहलचौरी (कोट) | पीएमश्री रा.इ.का. बैजरौं (बीरोंखाल : ) 35 |
| 9 | रा.इ.का. मोहनचट्टी (यमकेश्वर) | पीएमश्री रा.इ.का. द्वारीपैनों (रिखणीखाल): 30 |
| 10 | रा.इ.का. लक्ष्मणझूला (यमकेश्वर) | पीएमश्री रा.इ.का. भृगुखाल (यमकेश्वर) : 42 |
| 11 | | पीएमश्री रा.गा.न.वि. सन्तूधार (एकेश्वर): 33 |

**चतुर्थ चरण (विद्यालयों से मेंटर शिक्षक का चयन व उनके साथ अभिमुखीकरण कार्यशाला)**

प्रत्येक चयनित विद्यालय से एक शिक्षक को चीनी भाषा कार्यक्रम का मेंटर शिक्षक नामित किया गया तथा इनके प्रधानाचार्य को नोडल अधिकारी नामित कर इनका WhatsApp समूह बनाकर डायट के साथ दिनांक 9 अगस्त 2023 को एक दिवसीय अभिमुखीकरण ऑफलाइन कार्यशाला में संवाद स्थापित कर सभी को मॉड्यूल उपलब्ध कराया गया। कार्यशाला में तय किया गया कि कक्षायें प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को ग्रीष्मकाल में 11.20 AM -12.20 PM तथा शीतकाल में 2.20 PM – 3.20 PM तक चलेंगी। सम्पूर्ण पाठ्यक्रम 90 वादनों में पूरा किया जायेगा। यदि किसी दिवस को राजकीय अवकाश होगा तो कक्षा अगले कार्यदिवस मे संचालित होगी। प्रत्येक मेंटर शिक्षक को रूपये 719 का नेटपैक दिया जायेगा। प्रत्येक माह के अंत में बच्चों के सीखने का आंकलन किया जायेगा।

प्रत्येक मेंटर शिक्षक की जिम्मेदारी प्रत्येक नामित छात्र/छात्रा की कक्षा में उपस्थिति सुनिश्चित करने व एसाइनमेंट निर्धारित तिथि तक संस्थान में पहुॅचाने की दी गई। प्रतिभागियों की प्रगति की निगरानी के लिए कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक छात्र का मूल्यांकन

किया जाएगा और जिससे उन्हें एक विदेशी भाषा की सीमित समझ में विश्वास हासिल करने में मदद मिलेगी। चीनी भाषा शिक्षण कार्यक्रम के पाठ्यक्रम का पूर्ण विभाजन किया गया। इस कार्यक्रम का पृथक्करण मासिक और साप्ताहिक दोनों आधार पर किया गया। कक्षा आधारित गतिविधियों पर बहुत अधिक निर्भरता रहेगी, जिसमें भाषा के सभी चार पहलुओं को शामिल किया जाएगा, अर्थात सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना।


| Year | Number of Schools | Number of Students | Number of Teachers | Total |
|---|---|---|---|---|
| 2023.24 | 10 | 100 | 10 | 110 |
| 2024.25 | 11 | 370 | 11 | 381 |


| Year | Number of days(Hours):Online | Number of days(Hours):Offline | Number of days(Hours): |
|---|---|---|---|
| 2024-25 | 52 | 9days (36 h) | 61 (88h) |

**पंचम चरण (जिलाधिकारी व विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर कार्ययोजना को अंतिम रूप देना)–**

यह कार्यक्रम डॉ0 आशीष चौहान (IAS) जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल के निर्देशन में शुरू किया गया है। सत्र 2023–24 का उद्घाटन दिनांक 8 सितम्बर 2023 एवं सत्र 2024–25 को 5 अक्टूबर 2025 प्रातः 11:30 को किया गया।

**छठवां चरण: दिनांक 8 सितम्बर 2023 का उद्घाटन समारोह–**






## दो दिवसीय चीनी भाषा शिक्षण अधिगम संगोष्ठी एवं छात्र प्रतियोगिता

जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल के पंत्राक संख्या /452/39 जी0सी0/2023–24 दिनांक 12 दिसम्बर 2024 के संदर्भित पंत्राक/24/निरीक्षण/2025 दिनांक 03 जनवरी 2025 के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित विदेशी भाषा चीनी का समावेशीकरण योजना के अन्तर्गत पौड़ी जिले में माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के लिए नवाचारी कार्यक्रम हेतु 11 पी0एम0श्री0 राजकीय बालक/बालिका इंटर कॉलेजों में कक्षा 11 के पंजीकृत 370 छात्र छात्राओं के चीनी भाषा सिखाने हेतु जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास निधि के द्वारा कुल तीन लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है जिसका 60 प्रतिशत मात्र एक लाख अस्सी हजार की धनराशि चैक संख्या 133015 दिनांक 12 दिसम्बर 2024 के द्वारा उपलब्ध कराई गई।

उपरोक्त धनराशि में से 11 विद्यालयों में दून विश्वविद्यालय के चीनी भाषा के स्नातक कक्षाओं के अन्तिम वर्ष के 13 छात्र/छात्राओं के द्वारा विद्यालयों में दिनांक 16 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2025 एवं दिनांक 03 फरवरी 2025 से 11फरवरी 2025 तक ऑफलाइन शिक्षण कराया गया जिसमें 1,17,000 की धनराशि खर्च हुई है।




दिनांक 16–17 अप्रैल 2025 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगॉव पौड़ी गढ़वाल में दो दिवसीय संगोष्ठी एवं छात्र प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसका विवरण निम्नांकित है–

उपस्थिति–

1. श्रीमती कंचन देवराडी (अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मण्डल)
2. डॉ शैंकी चन्द्रा (विभागाध्यक्ष चीनी भाषा विभाग दून विश्वविद्यालय)
3. प्रो0 मधुरेन्द्र झा ( चीनी भाषा विभाग दून विश्वविद्यालय)
4. स0प्रो0 दीपांशु सैनी (चीनी भाषा विभाग दून विश्वविद्यालय)
5. स0प्रो0 पवन इक्का (चीनी भाषा विभाग दून विश्वविद्यालय)
6. श्री स्वराज सिंह तोमर प्राचार्य डायट पौड़ी गढ़वाल
7. डॉ0 एन0पी0 उनियाल कार्यक्रम समन्वयक
8. श्री राजेन्द्र सिंह लिंगवाल स0अ0,राजीव गांधी नवोदय विद्यालय सन्तुधार,एकेश्वर।
   छात्र/छात्रा– स्नेहा, सुष्मिता,अंशिका, सिमरन, जस्सी
9. श्री आशीष गुसांई पीएम0श्री0 रा0इ0का0बगवाडी, थलीसैण।
   छात्र/छात्रा–किरन, सरस्वती,विनीता,नीमा,गीता।
10. श्री विपिन चन्द्र पीएम0श्री रा0इ0का0 बैजरों, बीरोंखाल।
   छात्र/छात्रा–महक,अमृता,आयूषी नेगी,दिया,तानिया।
11. श्री नीरज कुमार पीएम0श्री0 रा0इ0का0 भृगुखाल, यमकेश्वर
   छात्र/छात्रा–वशिका रतूडी, कनिका नेगी,अतुल नेगी, आरुषि, हर्षिता।
12. श्री अंकित सिंह नेगी पीएम0श्री रा0इ0का0 द्वारी पैनो, रिखणीखाल
   छात्र/छात्रा–अंशिका रावत, गायत्री रावत, सुरभी, सुमन,अंशिका।
13. श्री मनोज कुमार पीएम0श्री0 रा0इ0का0 बल्ली, दुगड्डा।
   छात्र/छात्रा–अर्जुन नेगी,आशीष रावत, आदित्य थापा, मनीषा रावत, नीतू।

14. श्रीमती बबिता ध्यानी पीएम0श्री रा0इ0का0 कोटद्वार,दुगड्डा।
छात्र / छात्रा–आफरीन,अनुष्का,प्रियंका नेगी,श्रद्धा, रब्बी।
15. श्रीमती रितु थपलियाल पीएम0श्री रा0बा0इ0का0 कण्वघाटी, दुगड्डा।
छात्र / छात्रा–भावना,आस्था,प्रीति,आयूषी,तन्नू।
16. श्रीमती कान्ती किमोठी पीएम0श्री0 रा0बा0इ0का0 पौड़ी,पौडी।
छात्र / छात्रा–सिमरन रावत, एश्वर्या नोटियाल,प्रिया रावत, नीकिता आर्य,प्रीति रावत।
17. श्रीमती गीता पीएम0श्री0 रा0बा0इ0का0 श्रीनगर, खिर्सू।
छात्र / छात्रा–आयूषी जोशी, अर्पणा नोटियाल, कृतिका बिष्ट, करुणा, शालिनी रावत।
18. श्री नवीन प्रकाश पीएम0श्री0रा0इ0का0 तरपालीसैण, थलीसैण।
छात्र / छात्रा–सोनल,आशुतोष नेगी, शिवांशी आरती, ममता।
19. साक्षी नेगी, सिखा गुनियाल,प्रतिष्ठा डोंभाल, आकृति नेगी, प्रियांशी बड़थवालद्व नौसार खान, अर्थव गेरोला,पंकज सिंह, अनुराग जुयाल, रिद्धिमा रावत, अखलेश कठेत दून विश्वविद्यालय देहरादून।
20. श्रीमती संगीता डोभाल, श्रीमती रेनू, श्रीमती अनुजा मैठाणी, डॉ0 जगमोहन सिंह पुण्डीर, डॉ0 एस0के0 भारद्वाज, श्रीमती शालिनी भट्ट, श्री जितेन्द्र राणा, श्री एन0एस0 बिष्ट, श्रीमती शकुन्तला कण्डारी, श्रीमती ममता राणा, डॉ0 प्रमोद नोडियाल, श्री विनय किमोठी,श्रीमती शिवानी रावत संकाय सदस्य, डायट पौडी गढ़वाल।
21. अक्षिता रावत,दीपक नेगी, अनूप रावत, डी0एल0एड0 प्रशिक्षु डायट पौड़ी गढ़वाल।

## प्रतियोगिता का नामः समूह संगीत

प्रतिभागी विद्यालयों की संख्याः 10

परिणाम

प्रथमः पीएम0श्री0 रा0इ0का0 बगवाड़ी, थलीसैण

द्वितीयः पीएम0श्री रा0बा0इ0का0 कण्वघाटी, दुगड्डा।

तृतीयः रा0गा0न0वि0 सन्तुधार एकेश्वर।





## प्रतियोगिता का नामः भाषण प्रतियोगिता

प्रतिभागी विद्यालयों की संख्याः 11

परिणाम

प्रथमः अतुल नेगी, पीएम0श्री0 रा0इ0का0 भृगुखाल, यमकेश्वर

द्वितीयः करूणा, पीएम0श्री रा0बा0इ0का0 श्रीनगर, खिर्सू।

तृतीयः स्नेहा, रा0गा0न0वि0 सन्तुधार एकेश्वर।

# क्विज प्रतियोगिता



प्रतिभागी विद्यालयों की संख्याः 11

परिणाम

प्रथमः पीएम0श्री0 रा0बा0इ0का0 कोटद्वार, दुगड्डा।

द्वितीयः पीएम0श्री रा0इ0का0 भृगुखाल, यमकेश्वर

तृतीयः पीएम0श्री रा0इ0का0 बल्ली, दुगड्डा।

# पोस्टर प्रतियोगिता

प्रतिभागी विद्यालयों की संख्याः 10



परिणाम

प्रथमः कृतिका बिष्ट पीएम0श्री0 रा0बा0इ0का0 श्रीनगर, खिर्सू।

द्वितीयः सुष्मिता रा0गा0न0वि0 सन्तुधार एकेश्वर।

तृतीयः आरूषी रावत, पीएम0श्री रा0इ0का0 भृगुखाल, यमकेश्वर

# निबन्ध प्रतियोगिता

प्रतिभागी विद्यालयों की संख्याः 11

परिणाम

प्रथमः वशिंका रतूड़ी, पीएम0श्री0 रा0इ0का0 भृगुखाल, यमकेश्वर

द्वितीयः आदित्य थापा, पीएम0श्री रा00इ0का0 बल्ली, दुगड्र्डा।

तृतीयः कृतिका बिष्ट पीएम0श्री0 रा0बा0इ0का0 श्रीनगर, खिर्सू।

# समारोह की झलकियाॅ






**(डॉ0 नारायण प्रसाद उनियाल)**
कार्यक्रम समन्वयक
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
चड़ीगॉव, पौड़ी गढ़वाल।

**(स्वराज सिंह तोमर)**
प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
चड़ीगॉव, पौड़ी गढ़वाल।